भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 883
सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु परियोजनाएं

883. श्रीमती शारदा अनिल पटेलः
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने का कोई प्रस्ताव है/ऐसी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा गुजरात सहित विभिन्न प्रदेशों में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु उठाए गए कदमों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को जारी की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में वर्ष-वार कितनी निधि खर्च की गई है;

(घ) क्या सरकार को ईको-पर्यटन के विकास तथा संवर्धन के लिए राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.) पर्यावरण पर्यटन सहित पर्यटन का विकास और संवर्धन, प्रमुख रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है।

देश में ईको-पर्यटन की सम्भावनाओं को पहचानते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने देश में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास हेतु पंद्रह थीमैटिक परिपथों में से एक के रूप में इको परिपथ को अभिज्ञात किया है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना में इको थीम के तहत 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में है। इस मंत्रालय ने इको थीम के तहत गुजरात राज्य में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी है, हालांकि गुजरात में 178.95 करोड़ रुपये से बौद्ध तथा विरासत थीमों के तहत 3 परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत नई परियोजनाओं पर इस समय विचार नहीं किया जा रहा है।

****

अनुबंध

ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनंका 07.02.2020 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 883 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना की ईको-सर्किट थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**परिपथ का नाम और वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	उत्तराखंड	इको परिपथ (2015-16)	टिहरी-चंबा-सरायण में टिहरी झील के आसपास परिपथ का विकास	69.17	65.71	69.20
2.	तेलंगाना	इको परिपथ (2015-16)	महबूबनगर जिलों (सोमसिला, सिंगोटम, कदलाईवनम, अक्कमहादेवी, इगलनपंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेथीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	87.04	77.45
3.	केरल	इको परिपथ (2015-16)	पथानामथिट्टा - गावी-वागामोन- थेक्कडी का विकास	76.55	61.24	63.93
4.	मिजोरम	इको परिपथ (2016-17)	आइजोल-रॉपुइछिप-खावफावप-लेंगपुई-दुर्टलांग-चटलांग-साकवरहमुइतुएटलांग-मुथी-बेरातलावंग-तुइरियल एयरफील्ड-हमुइफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53	49.53
5.	मध्य प्रदेश	इको परिपथ (2017-18)	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	94.61	79.70	77.55
6.	झारखण्ड	इको परिपथ (2018-19)	दलमा - चांडिल- गेतलसूद-बेतला राष्ट्रीय उद्यान-मिरचैया-नेतरहाट का विकास	52.72	15.07	11.30
			कुल	451.04	358.29	348.96

*****